## खबर संक्षेप

### भुड़सा विद्यालय के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बड़वारा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा जारी किए गए दसवीं बारहवीं बोर्ड के परीक्षा परिणामों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुड़सा के छात्रों के प्रदर्शन से पूरा विद्यालय परिवार एवम ग्राम के लोगों में खुशी की लहर व्याप्त है। जिला कलेक्टर अवि प्रसाद, जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वी पाल सिंह, सहायक संचालक राजेश अग्रहरि, ए. पी.सी अभय जैन एवं नोडल अधिकारी अनिल चक्रवर्ती के सराहनीय प्रयास एवम मार्गदर्शन में वर्ष 2023-24 के वार्षिक परीक्षा परिणामों में कक्षा बारहवीं में दर्ज कुल दर्ज संख्या 43 में 39 छात्र उत्तीर्ण हुए परीक्षा परिणाम 92.87% रहा। कक्षा दसवीं में 45 छात्रों में 40 छात्र उत्तीर्ण हुए परीक्षा परिणाम 90.91% रहा। बारहवीं में अंशिका प्यासी ने कला संकाय में 90% अंक हासिल कीं तथा कक्षा दसवीं में नवनीत महोबिया ने 80% अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय , गुरुजनों, अपने परिजनों तथा अपने ग्राम का मान बढ़ाया है। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य देवेंद्र जायसवाल एवम समस्त स्टाफ ने सभी उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### सड़क हादसे में वृद्ध महिला की मौत, दो अन्य घायल

**कटनी।** बाकल थाना अंतर्गत सिंहुड़ी मोड़ में हुए सड़क हादसे में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर घायल हो गए। घायलों को स्थानीय नागरिकों की मदद से बहोरीबंद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया गया। यहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जबलपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने बताया कि फूला बाई चक्रवर्ती 65, जयंती प्रजापति व भागचंद प्रजापति निवासी कूम्ही सतधारा किसी कार्यक्रम में शामिल होने बाकल के कूड़ा आए थे। यहां पर कार्यक्रम के बाद यहीं के गाड़ा - गांव जा रहे थे। इसी दौरान सिंहुड़ी मोड़ पर अज्ञात वाहन ने उनकी मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में फूला बाई की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज करते हुए मामले को जांच में लिया है। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में आए दिन ऐसे हादसे देखने को मिल रहे हैं, वाहनों की रफ्तार जानलेवा साबित हो रही है। जिससे लोग भी परेशान हैं।

### बका लेकर दहशत फैला रहे बदमाश को किया गिरफ्तार

**कटनी।** बका लेकर दहशत फैला रहे एक बदमाश को बड़वारा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने ग्राम जगतपुर उमरिया के मदारी टोला निवासी केहनाज पिता नासीर नामक युवक को बका लेकर घूमते हुए गिरफ्तार किया। बका जब्त कर युवक के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

### अंतर्राज्जीय बस स्टैण्ड के निर्माण से यात्रियों को मिलेगी काफी सहूलियत

# परवान नहीं चढ़ पा रही अंतर्राज्जीय बस स्टैण्ड की योजना, वाहनों का बढ़ा दवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



विकास के साथ ही विस्तार के रास्ते पर तेजी से बढ़ रहे शहर के खाते में उपलब्धियों की फेहरिस्त में करीब 7 साल पहले अंतरराज्जीय बस स्टैंड का नाम जुड़ा था। शासन से मिली हरी झंडी के बाद जिला प्रशासन की ओर से भी पहल करते हुये न सिर्फ भूमि का चयन कर लिया गया था बल्कि आंवटन प्रक्रिया पूरी करने के साथ ही जल्द ही निर्माण की उम्मीद की जा रही थी। आलम यह है कि लंबा समय गुजर जाने के बावजूद आज तक योजना परवान चढ़ना तो दूर प्रक्रिया आगे भी नही बढ़ी है।

गौरतलब है कि नगर में हाल फिलहाल एकमात्र प्रियदर्शनी बस स्टैंड है। करीब 3 दशक पहले जिस समय बस स्टैंड का निर्माण कराया गया था उस समय के लिहाज से बस स्टैंड माकूल व सुविधाजनक था। आज की स्थिति में यात्री बसों की क्षमता बढ़ जाने के बाद बस स्टैंड की जगह भी कम पड़ने लगी है।

#### बाधित होता है आवागमन

अंतरराज्जीय बस स्टैंड के लिये ट्रांसपोर्ट नगर के समीप 15 एकड़ जमीन तो मिल गई है। रिकार्ड में परिवहन विभाग के अधीन भी हो गई है। पर बस स्टैंड का निर्माण कार्य शुरू नही हो पाया है। शहर के प्रियदर्शनी बस स्टैंड से जबलपुर, सतना, रीवा, मैहर, पन्ना सहित अन्य जिलो के लिये हर दिन लगभग 300 बसें संचालित होती है। शहर के भीतर से बसों को गुजरने के कारण आवागमन बाधित होता है। आये दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे बसों के अनावश्यक रूकने के कारण प्रदूषण बढ़ता है तो यात्रियो का परेशानी होती है।

अंतर्राज्जीय बस स्टैंड निर्माण के लिये अप्रैल 2017 में कलेक्टर द्वारा 15 एकड़ जमीन परिवहन विभाग को आवंटित की गई है लेकिन आज तक उस पर कोई प्रक्रिया नही हो पाई है। जिले में अंतरराज्जीय बस स्टैंड के निर्माण से यात्रियो को सहूलियत होगी। एक ही बस स्टैंड से आसानी से बसें मिलनी लग जायेगी। लगभग 15 एकड़ में बस स्टैंड बनने से बसों को खड़ा होने के लिये पर्याप्त जगह मिलेगी। वर्तमान बस स्टैंड में जगह की कमी बनी हुई है। ऐसे में बसो को पेट्रोल पंपो या सड़को पर खड़ा करना होता है। बाहर से आने वाले यात्रियो को भी सुविधा होगी। अन्तर्राज्जीय बस स्टैंड के अलावा नगर में क्षेत्रीय बस स्टैंड भी प्रस्तावित है। जुहला बायपास के समीप प्रस्तावित बस स्टैंड से भी सुविधा होगी।

# डेयरियों के विस्थापन में नहीं ली जा रही दिलचस्पी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

डेयरियों का विस्थापन सालों से अधर में है। इस दिशा में सार्थक प्रयास भी नही हो रहे है। शहर की एक सैकड़ा डेयरियों के विस्थापन की योजना बनाई गई थी लेकिन अधिकारियों द्वारा इस दिशा में ठोस कदम न उठाये जाने से मामला साल 2009 से अधर में लटका है। यहां रिहायशी क्षेत्रो में डेयरियों के संचालन से भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। शासन की रूचि के बावजूद स्थानीय प्रशासन द्वारा इस दिशा कारगर प्रयास नही किये जा रहे है। उल्लेखनीय हे कि शहरो में संचालित डेयरियों के लिये राजस्व विभाग द्वारा स्थानीय आवश्यकता के अनुसार नगरीय विकास एवं आवास विभाग को जमीन आवंटित करेगा। उसी जमीन को विकसित करके संबन्धित निकाय डेयरी का विस्थापन करेगे। कैबिनट के इस फैसले से नगर में जल्द कार्यवाही की उम्मीद की जा रही थी लेकिन डेयरियां के बिस्थापन की चाल व हाल भैस के आगे बीन बाजे जैसी ही है।

उल्लेखनीय है कि शहर में एक सैकड़ा से अधिक डेयरियों है। इन डेयरियों का संचालन रहवासी क्षेत्रो में किया जा रहा है। रहवासी क्षेत्रो से डेयरियों के विस्थापन करेन के लिये साल 2009 में योजना तो बनाई थी लेकिन आज तक इस योजना को मूर्त रूप नही दिया जा सका है।

शहरी क्षेत्र में डेयरी के संचालन ने एक नही अनेक तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे बड़ी समस्या उस क्षेत्र के वांशिदो की है जहां डेयरी संचालित है। डेयरी की वजह से न सिर्फ आसपास गोबर, मूत्र व कचरे की गंदगी से लोगो का रहना मुहाल हो रहा है बल्कि डेयरी की इन भैसो या गायो को जब एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जाता है तो हर समय जाम की स्थिति बन जाती है। डेयरियों की साफ सफाई के दौरान गोबर निकलने, गोबर को टाली में भरकर बाहर ले जाने या वही पर जमा करने से बदबू के अलावा जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। बारिष के दिनों में गंदगी तो दोगुना बढ़ती है।

### सांसद बनने 14 प्रत्याशियों का भाग्य हो मशीन में हो चुका है बंद

# कड़ी सुरक्षा में स्ट्रांग रूम मे लॉक हुई ईव्हीएम, अब 4 जून को खुलेंगे ताले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



खजुराहो लोकसभा क्षेत्र का सांसद चुनने के लिए 26 अप्रैल को कटनी जिले में हुए शांति पूर्ण और निर्विघ्न मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद ईव्हीएम मशीनों को सुरक्षित तरीके से जमा कराने का कार्य देर रात तक चला।इसी के साथ खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के 14प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईव्हीएम मशीनों में बंद हो चुका है।कल देर रात तक सामग्री जमा करने का सिलसिला चला। इस दौरान पूरे समय कलेक्टर श्री अवि प्रसाद मौजूद रहे। मतदान के बाद आईं ईव्हीएम मशीनों को कृषि उपज मंडी पहरूआ में विधानसभा क्षेत्रवार पहले से बनाए गए अलग -अलग स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है।यह सिलसिला अलसुबह तक चला।

जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों की मौजूदगी में ईव्हीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में लाक किया गया।

स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कृषि उपज मंडी परिसर का ज़र्रा- ज़र्रा सुरक्षा बलों की निगहबानी में है। इसके अलावा स्ट्रांग रूम की 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जा रही है। इस कार्य में पूरी पारदर्शिता की दृष्टि एल ई डी स्क्रीन लगाई गई है,

मतदान सामग्री जमा करने मंडी परिसर पहुंचे मतदान दलों से जो जहां- जैसे बैठे थे,उन सबके पास जा -जाकर कर कलेक्टर श्री प्रसाद ने वन -टू -वन मुलाकात की, चुनाव के विशेष कर मतदान और मतदान केन्द्रों में उनके और मतदाताओं के लिए की गई व्यवस्थाओं के बारे में पूछा। कलेक्टर ने मतदान कर्मियों से परिवार के मुखिया की भांति मतदान केंद्र में रहने, खाने प्रसाधन व्यवस्था, पेयजल आदि की समुचित उपलब्धता की जानकारी ली और उनके अनुभव सुने। मतदान कर्मियों ने व्यवस्थाओं की सराहना की । महिलाओं ने प्रसाधन और कूलर, पंखों के बेहतर इंतजाम के साथ ही पेयजल और खाने को मिले भोजन की गुणवत्ता की खास तौर पर सराहना की।

### मतदान दल के सदस्यों का माला पहनाकर स्वागत



संसदीय क्षेत्र खजुराहो हेतु जिले कीं तीन विधानसभा क्षेत्र के लिए 26 अप्रैल शुक्रवार को हुए मतदान को शांतिपूर्ण निर्विघ्न संपन्न कराकर कृषि उपज मंडी पहरूआ पहुंची विधानसभा क्षेत्र . मुड़वारा के मतदान केन्द्र क्रमांक 95 की पोलिंग पार्टी मतदान सामग्री जमा करानें सबसे पहले पहुंची। मतदान केंद्र क्रमांक 95 ,राष्ट्रीय तिलक विद्यालय में दिव्यांग मतदान केंद्र बनाया गया था। यहां तैनात सभी मतदान कर्मी दिव्यांग थे। बावजूद इसके सभी ने अपना काम सबसे पहले निपटा कर मंडी परिसर पहुंचने वाला पहला दल होने का गौरव हासिल किया।यहां कृषि उपज मंडी में सबसे पहले पहुंचने वाले मतदान दल क्रमांक 95के सदस्यों का फूलमाला पहनाकर हार्दिक स्वागत किया गया। इसके पीठासीन अधिकारी रवि प्रसाद यादव रहे। साथ ही टीम में राजकमल दहायत, वीरेन्द्र कुमार पटेल और महेंद्र शिवहरे शामिल रहे।

# मतदान केन्द्र के अंदर फोटो खींचकर किया वायरल, एफआइआर हुई दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र खजुराहो अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र - 94 बहोरीबंद के 26 अप्रैल को मतदान के दौरान फोटो खीचकर सोशल मीडिया में अपलोड कर मतदान केन्द्र की गोपनीयता भंग करने के मामले में पीठासीन अधिकारी सुरेश प्रसाद पाण्डेय की सूचना पर स्लीमनाबाद पुलिस थाना में महिला मतदाता रानी दुबे के खिलाफ शनिवार को एफ.आई.आर दर्ज की गई है।

सुरेश प्रसाद पाण्डेय द्वारा थाना प्रभारी स्लीमनाबाद को आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेख किया गया है कि जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेशानुसार उनकी डयूटी पीठासीन अधिकारी के पद पर शासकीय माध्यमिक शाला स्लीमनाबाद के कक्ष क्रमांक 1 मतदान केन्द्र क्रमांक 140 में अपने दल पी - 1 शिववरण सिंह ध्रुर्वे, पी-2 प्रतिभा जैन एवं पी-3 लक्ष्मी हल्दकार के साथ लगी थी। टीम में सेक्टर अधिकारी कृष्ण मोहन, माइक्रो आब्जर्वर विकास जैन रहे।

श्री पाण्डेय नें आवेदन मे लेख किया है कि 26 अप्रैल को शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न करानें के उपरांत मतदान सामग्री जमा करानें कृषि उपज मंडी पहुंचने पर अन्य मतदान दलों से ज्ञात हुआ कि मतदान केन्द्र क्रमांक 140 स्लीमनाबाद में मतदान प्रारंभ के समय प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे के बीच स्लीमनाबाद निवासी रानी दुबे नाम की महिला मतदाता ने ई व्ही एम मशीन में अपना वोट करने का फोटो खीचकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन तथा मतदान की गोपनीयता को भंग किया है। इसके लिए रानी दुबे निवासी स्लीनाबाद के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 128 के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

पीठासीन अधिकारी सुरेश कुमार पाण्डेय के आवेदन पर शनिवार को स्लीमनाबाद पुलिस थाना में महिला मतदाता रानी दुबे निवासी स्लीमनाबाद के विरूद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 188 और लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, 1951, 1989 की धारा 128 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### सुगम यातायात के लिए रूट सिस्टम भी हो गया फेल

# जरा संभलकर चलें, सवारी दिखी नहीं कि अचानक ही ब्रेक मार देते हैं आटो चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



सड़कों के राजा कहे जाने वाले आटो चालकों की वाहन चलाने की स्टाइल किसी से छिपी नहीं है। किसी ने हाथ दिया नहीं कि ब्रेक लगा दिया फिर चाहे पीछे किसी वाहन चालक की दुर्दशा ही क्यों न हो जाये। ओवरलोड सवारी बैठाना तो आदत में शुमार है। यातायात को अवरूद्ध करने में भी अहम भूमिका होती है। जहां दोपहिया वाहन भी बमुश्किल से गुजर पाते हैं वहां ये जाकर अपने वाहन अगला हिस्सा लगा देते जिससे छोटे वाहनों का निकलना भी बंद हो जाता है। सवारियों को बैठाने ऑटो चालकों द्वारा एक दूसरे से आगे जाने की होड़ भी देखी जा सकती है जिससे हादसे होने का भी अंदेशा बना रहता है।

#### निर्धारित नहीं स्टापेज

ऑटो चालक शहर में कहीं भी अपनी पार्किंग बना लेते हैं और कहीं भी स्टॉपेज, जहां चालकों का दिल करता है वहीं आटो खड़ा कर सवारियां बैठाना व उतारना शुरू कर देते हैं। ऐसे में जहां हादसों की आशंका बनी रहती हैं वहीं आए दिन जाम की स्थिति से भी लोगों को निपटना पड़ता है।

ऑटो चालकों द्वारा बस स्टैण्ड में भी बेरोकटोक कहीं भी ऑटो खड़ा कर देते हैं। बस आते ही सारे ऑटो चालक बस के आगे पीछे इस कदर खड़ा कर देते हैं कि बस से उतरने वाली सवारियों का पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। सवारियां बैठाने के लिए होड़ मची रहती है, बेढ़गें हो चुके यातयात का नमूना शहर भर में देखने को मिलता है, ऑटो चालक अपनी मनमानी करते हैं जिम्मेदार महकमा भी चालकों की मनमानी पर रोक लगा पाने में अक्षम साबित हो रहा है। यातायात पुलिस ऑटो चालकों पर किसी तरह का शिकंजा कसते हुए नजर नहीं आ रहे। सवारियों के चक्कर में अचानक ब्रेक लगाने से कई बार हादसे भी हो जाते है। रात्रि के समय ऑटो चालकों द्वारा मुसाफिरों से मनमानी राशि भी वसूलकी जाती है। नगर के स्टेशनों से यात्रा करने वाले यात्रियों को तिगुनी राशि चुकानी पड़ती है।

### मतदान कर्मियों से की चर्चा, पूँछा - कोई समस्या या परेशानी हो तो बतायें

# कृषि उपज मंडी में घूम-घूमकर कलेक्टर ने जाना मतदान कर्मियों का अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



मतदान कराने के बाद सामग्री वापसी करने के लिए कृषि उपज मंडी पहुॅचे मतदान कर्मियों से घूम-घूमकर मुखातिब हो रहे कलेक्टर अवि प्रसाद ने मतदान कर्मियों से मतदान कराकर वापस आने तक की यात्रा के अनुभव जाना।

सभी ने इस बार की व्यवस्थाओं को बेहतर बताया तो कलेक्टर ने कहा कि - हम आपसे उन विषयों को जानना चाहते हैं, जिसमें आपको असुविधा और कठिनाई हुई हो। जिसमें वाहन, मतदान केन्द्र में रहने, प्रसाधन, कूलर, पंखे, पेयजल, भोजन या अन्य किसी भी सुविधा मे कमी की वजह से मतदान दलों को कोई भी परेशानी का समना करना पड़ा हो।

#### अच्छाईयों के साथ कमियॉ बताएं

कलेक्टर श्री प्रसाद पूरे कृषि उपज मंडी मे शुक्रवार की देर रात तक घूम-घूमकर यहां - वहां बैठे मतदान कर्मियों के पास खुद जा- जाकर हर मतदान दल से उनके अनुभव पूछते रहे। कलेक्टर के मतदान कर्मियों के पास पहुचते ही शिष्टाचारवश उठकर खडे.होने वाले मतदान कर्मियों को वे बड़ी ही सहजता और आत्मीयता से कहते थे कि - आप सब बैठे रहें, दिनभर मतदान कराकर आये है, थक गये है। मैं ही आपके पास आ रहा हूॅ । हर मिलने वाला मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं की प्रशंसा कर रहा था। तभी कलेक्टर श्री प्रसाद ने यह कहकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया कि जो व्यवस्थाएं बढिया रहीं वो सब तो ठीक है, लेकिन मैं आप सब से व्यवस्थाओं में कमियां जानना चाहता हूॅ , ताकि इन अनुभवों का लाभ लेकर कमियों को दूर किया जा सके।

#### बारात की तरह हुआ स्वागत

कलेक्टर से भेंट में मतदान दलों के सदस्यों ने प्रशासन की व्यवस्थाओं को बेहतर बताया। विजयराघवगढ़ के ग्राम बरहटी के मतदान दल ने कहा कि- साहब मतदान केन्द्र में पहुंचने पर उनका स्वागत बी.एल.ओ, सचिव और जी.आर.एस द्वारा बारातियों की तरह किया गया। यहां उनका तिलक वंदन कर ,फूल मालांए पहनाई गई और पहुंचते ही नाश्ते में रसगुल्ला भी खिलाया गया। इस पर परिहास करते हुए कलेक्टर ने कहा कि - कहॉ गए थे, हम भी लगा लेते है अपनी डयूटी .......। ये वे लम्हे थे जो मतदान कर्मी बेहतर व्यवस्थाओं के अपने अनुभवों को बड़ी आत्मीयता से अपने कलेक्टर के साथ साझा कर रहे थे।

#### कलेक्टर के साथ सेल्फी

तीनों विधानसभा क्षेत्रों के पंडाल मे कलेक्टर श्री प्रसाद के पहुंचते ही मतदान कर्मियों में मतदान कराने के लम्हों को यादगार बनाने की मंशा के साथ जब कलेक्टर के साथ सेल्फी लेने और फोटो खिचवाने की इच्छा व्यक्त की तो कलेक्टर ने इसके लिए सहज स्वीकृति देते हुए किसी को भी मायूस नहीं किया। उन्होंने बड़ी ही सहजता और आत्मीयता से हर मतदान कर्मी को सेल्फी लेने और फोटो खिंचवाने का मौका दिया।

कई मतदान कर्मी कलेक्टर की सादगी और आत्मीय बातचीत के लहजे से इतने सहज हो गए कि कईयों ने तो चुनाव से इतर अपनी कई निजी और विभागीय समस्याओं के निराकरण कराने का आग्रह किया। कलेक्टर ने भी किसी को निराश नहीं किया। समस्या बताने वाले हर मतदान कर्मी का नाम और नंबर नोट किया गया।

#### पेयजल काउंटर में कलेक्टर

कलेक्टर की सादगी और सहजता देखकर सभी मतदान कर्मी हतप्रभ और आश्चर्यचकित थे तभी अचानक कलेक्टर पेयजल के काउंटर में पहुंचते है और पूछते है कि काउंटर में गुड़ है ना........, ठंडे पानी के साथ सभी को गुड़ भी खाने को अवश्य दें।

पंडाल में भ्रमण के दौरान कई महिला कर्मियों ने कलेक्टर श्री प्रसाद से घर जाने के लिए वाहन की व्यवस्था नहीं होने की जब जानकारी दी तो कलेक्टर ने कहा कि- आप सब मेरे लिए परिवार के सदस्य की तरह हैं, किसी को भी चिंता करने की जरूरत नहीं है, सभी को सुरक्षित घर पहुचाने के लिए पर्याप्त वाहनों की व्यवस्था है।

# शांतिपूर्ण मतदान के लिए कलेक्टर ने माना आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय क्षेत्र खजुराहो में आने वाले मुड़वारा, बहोरीबंद और विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सभी 865मतदान केन्द्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुगम और पारदर्शी तरीके व शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न होने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवि प्रसाद ने निर्वाचन कार्य में संलग्न सभी अधिकारियों, कर्मचारियों सहित आम नागरिकों, मतदाताओं, सुरक्षा बलों, मीडिया कर्मियों आदि के प्रति आभार व्यक्त किया है।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने लोकसभा निर्वाचन कार्य से संबद्ध प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों, जिला अधिकारियों और कर्मचारियों के सराहनीय योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी शासकीय कर्मियों की लगन, निष्ठा और कड़ी मेहनत की वजह से कटनी जिले के मुड़वारा , बहोरीबंद और विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों में शांति पूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न हुआ।

कलेक्टर श्री प्रसाद ने विशेष रूप से दिव्यांग मतदाताओं, 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाताओं द्वारा मतदान के पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने के लिए आभार जताया है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने कहा कि निर्वाचन की आचार संहिता लगने से लेकर मतदान होने तक अधिकारियों-कर्मचारियों ने निर्विघ्न चुनाव कार्य संपन्न कराने के लिए जो मेहनत की थी वह फलीभूत हुई है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने इसके लिए मतदान प्रक्रिया से जुड़े सभी शासकीय कर्मियों की सराहना की है। कलेक्टर ने निर्वाचन कार्य के कव्हरेज में रचनात्मक सहयोग प्रदान करने के लिए जिले के सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रतिनिधियों का भी धन्यवाद ज्ञापित किया है।

**खबर संक्षेप**

## शिकायत के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रशंसा पत्र जारी

**कटनी।** सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर जिला पंचायत कटनी को प्रदेश में टॉप फाइव में स्थान अर्जित करने पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख सचिव श्री मलय श्रीवास्तव ने अर्ध शासकीय पत्र के माध्यम से जिला पंचायत कटनी के सीईओ शिशिर गेमावत को प्रशंसा पत्र जारी किया है। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत कटनी ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 181 में प्राप्त शिकायतों के संतुष्टि पूर्ण निराकरण में माह मार्च 2024 की प्रदेश स्तरीय जारी ग्रेडिंग में 50.6 संतुष्टि पूर्ण वेटेज, 82.7 कुल वेटेज प्राप्त कर ए ग्रेड के साथ राज्य में पांचवा स्थान प्राप्त किया है। जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत द्वारा व्यक्तिगत रूप से रुचि लेकर सतत निगरानी के द्वारा शिकायतों के निराकरण में सफलता हासिल हुई। प्रमुख सचिव मलय श्रीवास्तव ने जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत सहित सीएम हेल्पलाइन का कार्य देख रहे सभी अधिकारियों कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं और भविष्य में भी इसी निष्ठा और समर्पण की भावना से आमजन की सेवा निष्पादन में सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का निराकरण करते रहने को कहा है।

## मतदान दलों के सकुशल वापसी की ली जानकारी

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत खजुराहो संसदीय क्षेत्र के तीनों विधानसभाओं के दूसरे चरण के मतदान की समाप्ति के बाद, ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण से वापसी के उपरांत जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने कृषि उपज मंडी परिसर पहुंचकर शुक्रवार की देर रात तक मतदान दलों की सकुशल वापसी की जानकारी ली। इस दौरान सीईओ श्री गेमावत ने काउंटरों पर पहुंचकर सामग्री जमा वितरण दल और मतदान दलों से संवाद किया। समस्या बताई जाने पर तत्परता पूर्वक मौके पर ही निदान किया। सीईओ ने निर्वाचन कार्य का दायित्व का निर्वहन कर रहे काउंटरों पर पहुंचकर प्रोत्साहित कर हौसला अफजाई की। नोडल अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी,सेक्टर प्रभारी, प्रशिक्षण टीम के मास्टर ट्रेनर्स, सामग्री जमा कर रहे मतदान दलों, कम्युनिकेशन प्लान और कंट्रोल रूम से पल-पल की जानकारी दे रहे अधिकारियों कर्मचारियों से बातचीत कर, विधानसभा वार हो रही गतिविधियों और कार्य की प्रगति की जानकारी ली। सीईओ श्री गेमावत ने चुनाव प्रशिक्षण टीम की सराहना करते हुए वेल्डन कहा। श्री गेमावत ने तीनों विधान सभाओं के लोकसभा निर्वाचन सफलता पूर्वक संपन्न होने पर पूरी इलेक्शन टीम का आभार जता कर धन्यवाद कहा।

## यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे चलाएगा स्पेशल ट्रेन

**कटनी।** ग्रीष्मकाल में अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने और यात्रियों की सुविधा के लिए बांद्रा टर्मिनल-रीवा- बांद्रा टर्मिनल के बीच 9 ट्रिप के लिए रेल प्रशासन ने एक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी मंडल के जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना स्टेशन से होकर अपने अंतिम स्टेशन तक जाएगी। सीनियर डीसीएम विश्व रंजन ने बताया कि गाड़ी संख्या 09129 बांद्रा टर्मिनल-रीवा-बांद्रा टर्मिनल ट्रेन दो मई 2024 से 27 जून 2024 तक हर गुरुवार को बांद्रा टर्मिनल स्टेशन से सुबह साढ़े चार बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन रात को 1 बजकर 35 मिनट पर जबलपुर स्टेशन से होकर सुबह में 7 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी। इसी तरह वापसी में गाड़ी संख्या 09130 रीवा- बांद्रा टर्मिनल-रीवा ट्रेन तीन मई 2024 से 28 जून 2024 तक हर शुक्रवार को रीवा स्टेशन से 11 बजे प्रस्थान कर अगले दिन शनिवार को दोपहर 12 बजकर 15 मिनट पर बांद्रा टर्मिनल स्टेशन पर पहुंचेगी। ट्रेन पूरी तरह अनारक्षित श्रेणी की होने के कारण आम लोगो के लिए यात्रा सुखद रहेगी। इस ट्रेन में 22 कोच रहेंगे। ट्रेन बांद्रा टर्मिनल से प्रारंभ होकर दोनों दिशाओं में वापी, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना स्टेशन पर रुकेगी।

### पंचायत प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की बेपरवाही से परेशान हो रहे लोग

# गंदगी से अटे प्रसाधन कक्ष, फैल रही गंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा



स्वच्छता अभियान का असर ग्राम पंचायत प्रशासन पर नजर नहीं आ रहा है। उमरियापान ग्राम पंचायत की उदासीनता के चलते न्यू बस स्टैंड पर बने सार्वजनिक शौचालय में महिलाएं इस्तेमाल नहीं कर पा रही है।शौचालय में गन्दगी होने से यात्रियों और ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बदबू के कारण स्थानीय दुकानदार भी परेशान है।

उमरियापान के न्यू बस स्टैंड में महिलाओं और पुरूष वर्ग के लिए सार्वजनिक शौचालय बना है। शौचालय के भीतर गंदगी है। पुरुष तो शौचालय तक पहुँचकर लघुशंका के लिए उपयोग कर लेते है। लेकिन महिलाओं के लिए बने शौचालय पूरी तरह से बदबू मार रहे हैं। महिलाएं शौचालय का उपयोग नहीं कर पाती है। जिससे कि महिलाओं को परेशान होना पड़ता है। कई बार तो महिलाएं शौचालय के बाहर ही लघुशंका के लिए बैठ जाती है।

### लोगों को होती है परेशानी

बस स्टैंड होने के चलते यहाँ पर सिहोरा, कटनी और ढीमरखेड़ा की तरफ आने जाने वाली बसें रुकती है। यहाँ अलग अलग प्रकार की दुकानें सजती हैं। अन्य गांव से लोग आकर सामान खरीदी करते हैं। यात्री भी रुकते हैं।बस स्टैंड पर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण ग्राम पंचायत के द्वारा कराया गया।बस स्टैंड में आने वाली जनता यहां पर बने शौचालय पर निर्भर है।

### पनपते हैं मक्खी एवं मच्छर

शौचालय की सफाई नहीं होने के चलते शौचालय गन्दी है। वहीं उसकी बदबू पूरे बाजार में फैलती है। गंदगी से पनपे कीड़े-मकोड़े, मक्खियां साग, सब्जी, फलों व खाद्य पदार्थों पर बैठते हुए नजर आते हैं। जिसके कारण आमजन में विभिन्न प्रकार की बीमारियां फैलने की आशंका बनी रहती है।शनिवार को खमतरा से जबलपुर जा रही दो महिलाओं ने बताया कि उन्हें शौचालय जाने की जरूरत महसूस हुई। उमरियापान बस स्टैंड में शौचालय का पता कर पहुँचे तो वहाँ पसरी गंदगी को देखते हुए जाने की हिम्मत नहीं हुई।स्टैंड में खड़े चार पहिया वाहनों की आड़ में लघुशंका किया।उन्होंने बताया कि शौचालय तो गंदे है ही, लेकिन बस स्टैंड पर लगे हैंडपंप के आसपास भी गन्दगी फैली हुई है। शौचालय गंदा होने से कई लोग बच्चों को बाहर ही शौच कराते हैं।यहाँ आने वाले लोंगो को सबसे ज्यादा परेशानी बदबू से होती है।

### इनका कहना है

इस संबंध में सरपंच उमरियापान अटल ब्यौहार का कहना है कि तीन-चार दिनों से सफाई कर्मी नहीं आये हैं। इसके चलते शौचालयों की सफाई नहीं हो पाई है।सफाई कर्मियों को बुलवाकर शौचालयों की सफाई कराई जाएगी। ताकि लोग शौचालयों का उपयोग कर सकें।

### सीएचसी और यात्री प्रतीक्षालय में ताला

आमजन की सुविधाओं को देखते हुए बस स्टैंड पर सार्वजनिक शौचालय के अलावा सामुदायिक स्वच्छता परिसर (सीएचसी) और यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण ग्राम पंचायत के द्वारा कराया गया। सार्वजनिक शौचालय के हाल इन दिनों ठीक नहीं है।

सीएचसी और यात्री प्रतीक्षालय भी तालों में कैद है। शादी ब्याह के सीजन में लोगों की ज्यादा भीड़ रहती है। बसों में भी यात्रियों का आना जाना लगा है।

सीएचसी बंद होने से लोगों को यहाँ वहाँ जाना पड़ता है।

वहीं यात्री प्रतीक्षालय में ताला बंद होने से यात्रियों को गर्मी के दिनों में धूप में या तो फिर दुकानों के बाहर खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। जिससे कि यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ती है।




# नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

लघु उद्योग भारती की कटनी इकाइयों के द्वारा संयुक्त रूप से स्वास्थ्य शिविर एवं उद्यमी सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें श्रमिकों का एवं उद्यमियों का नेत्र परीक्षण लमतरा औद्योगिक क्षेत्र में किया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर प्रदेश महामंत्री अरुण सोनी एवं संभागीय संयुक्त सचिव मुरलीधर रतनानी का सानिध्य प्राप्त हुआ। स्थापना दिवस के अवसर पर लघु उद्योग भारती के द्वारा दो वरिष्ठ उद्यमी शिव कुमार गर्ग ,शरद सेठिया एवं दो युवा उद्यमी अमित छाबड़ा एवं कपिल पृथ्यानी का औद्योगिक क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उनका सम्मान किया गया।

### लघु उद्योग भारती द्वारा लमतरा में कार्यक्रम का किया आयोजन

कार्यक्रम मे लमतरा इकाई के अध्यक्ष समीर सेठिया, सचिव ईशान जैन,शहरी क्षेत्र इकाई के अध्यक्ष अमित सिंघई, सचिव निलेश विश्वकर्मा, महिला इकाई की अध्यक्ष प्रिया सोनी, सचिव नीति ठाकुर,श्वेता सिंघई, बरगवां एवं अमकुही इकाई के सचिव मनीष सिंह,संयुक्त सचिव अंबर डेंगरे ,विजय नवानी,देवेंद्र सिंह, अमित गर्ग,आकाश पुरुषवानी,रमेश गुप्ता,काजल सोंधिया,रश्मि जैन, एकता जायसवाल प्रीति बजाज एवं अन्य उद्यमियों की उपस्थिति रही।

**विद्यालय प्रबंधन ने दी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं**

# दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड में किड्स केयर स्कूल के विद्यार्थियों ने बनाया कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओ का परीक्षा परीणाम घोषित किया गया जिसमें किडस केयर हा. से. स्कूल की छात्र/छात्राओ ने जिले की मेरिट लिस्ट में अपना स्थाना बनाया। कक्षा 12वीं कॉर्स संकाय की छात्रा ज्योति जायसवाल ने 94.4 प्रतिशत लाकर मेरिट लिस्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा और कला समूह में भारती राय ने 92 प्रतिशत लाकर जिले मेरिट लिस्ट में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस सत्र में कक्षा 12 वीं आर्ट समूह का परीक्षा परीणाम 100 प्रतिशत रहा। कॉमर्स संकाय का 97 प्रतिशत एंव सांइस समूह का 92 प्रतिशत रहा। आर्ट में संजीवनी परते 88.4 प्रतिशत एवं अंषिका सोनी 87 प्रतिशत लाकर स्कूल में द्वितीय एंव तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कॉमर्स संकाय में स्कूल की टॉपर उन्नती गुप्ता 91 प्रतिशत, पलक सोनी 89 प्रतिशत, सांइस संकाय स्कूल के टॉपर श्रद्वा मिश्रा 92.6 प्रतिशत पावनी पाण्डेय 89.4 प्रतिशत एंव पवन सिंह 89 प्रतिशत प्राप्त कर शाला का नाम रोशन किया। विगत 10 वर्षो से किडस केयर हा. से. स्कूल के छात्र/छात्राओ ने प्रतिवर्ष प्रदेष में या जिले की मेरिट लिस्ट में अपना स्थान बना रहे है।

कक्षा 10 वीं बार्ड परीक्षा में विद्यालय का परीक्षा परीणाम 97 प्रतिशत रहा। स्कूल के टॉपरप्रथम अनमोल बडगैया , शिरिन बी 94 प्रतिशत एंव गुरूदीप सिंह 91 प्रतिशत लाकर द्वितीय स्थान में रहा। किडस केयर हा. से. स्कूल विगत 30 वर्षो से अनुशासन ,लगन ,दूरदृष्टि,सतत मूल्यांकन एंव छात्रहित का ध्यान में रखते हुए सफलता प्राप्त करता है। विद्यालय के चेयर पर्सन डा. डी. के. खरे डायरेक्टर ऐरावत आकाश हिन्दूजी, कात्यायनी एस. हिन्दूजी, प्राचार्य धर्मेन्द्र मिश्रा , संजय मिश्रा, शैलेन्द्र जोशी , बबीता मैम , फरीन खान, सिद्दि द्विवेदी सभी शिक्षको के द्वारा विद्यालय के छात्र /छात्राओ एंव उनके माता पिता को बधाई एंव शुभकामनाऐ प्रेषित की हैं।

### कांग्रेस का हाथ छोड़कर भाजपा का पकड़ा साथ



कांग्रेस पार्टी का साथ छोड़कर जाने वालों का सिलसिला लगातार जारी है। माधव नगर के कांग्रेस के युवा नेता नीतेश सोनू मनवानी एवं पूर्व युवा कॉंग्रेस ब्लाक अध्यक्ष नीरज रोहरा युवा साथी आकाश मंगवानी को फर्नीटो शोरूम में आयोजित कार्यक्रम में विधायक संदीप जायसवाल ,भाजपा मंडल अध्यक्ष वागीश आंनद ने भाजपा परिवार में शामिल किया। इस दौरान पूर्व भाजपा अध्यक्ष राम रतन पायल, प्रवीण बजाज , रौनक खंडेलवाल विक्रम खंमपरिया,प्रमोद तिवारी ,निरंजन पंजवानी ,प्रकाश आहूजा सतीश मोटवानी, खेमचंद पोपटानी,आषीश मनवानी, देवेंद्र श्रीवास्तव,राजेश कालू आनंद, शुभम मनवानी, हरीश पांडे,नानक देवानी, सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे। इस दौरान सदस्यता लेने के पश्चात दोनों ही प्रमुख लोगों ने बताया कि भाजपा की रीति नीति एवं पीएम नरेंद्र मोदी के द्वारा किए देश के विकास , गरीबों के लिए चलाई जा रही जन कल्याण की योजनाओं एवं उनके कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।

# हायर सेकेंडरी और हाई स्कूल परीक्षा रिजल्ट में लड़कियों किया नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





हायर सेकेंडरी और हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम आया जिसमें सिलौंडी की लड़कियों ने गांव का नाम रोशन कर दिया। कन्या हायर सेकेंडरी के प्राचार्य विशाल वरकड़े बताया कि हायर सेकेंडरी में 65 लड़कियों में से 55 लड़कियों का फर्स्ट डिवीजन आया एवँ 9 लड़कियों ने दूसरे डिवीजन से परीक्षा पास की है । सिर्फ 1 लड़की को पूरक आया। 12वीं में पूणिमा राय पिता शशिकांत राय ने 500 में से 468 लाकर प्रथम स्थान , अनामिका हल्दकार ने 448 अंक लाकर दूसरा स्थान ,अलका यादव पिता कृष्ण कुमार यादव ने 423 अंक लाकर गांव का नाम रोशन किया । इसी तरह हाई स्कूल के परीक्षा परिणाम में भी 79 में से 56 लड़कियां फर्स्ट डिवीजन , 18 सेकेंड डिवीजन में पास हुई । जिसमें 10 वीं में श्रीम राय पिता दिनेश्वर राय ने 96.2% प्रतिशत जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया। 10वीं सानया चौबे पिता बालमुकुंद चौबे ने दूसरा स्थान प्राप्त किया । प्राचार्य विशाल वरकड़े ,तुलसी नामदेव ,आशीष हल्दकार ,अंकित के मार्गदर्शन में लड़कियों ने अच्छा परिणाम लाया ।

सिलौंडी के बालक हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम भी बहुत अच्छा रहा । बालक हायर सेकेंडरी में 12 वीं में 94 % छात्र एवँ 10 वीं में 82 % छात्र पास हुए । 12 वीं संतोष साहू पिता शिवकुमार 85.6% लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं 10 वीं मयंक साहू 90.4 % लाकर प्रथम स्थान किया । प्राचार्य योगेश सिंह मरकाम, हल्दकार अंकुल बर्मन ,राजेन्द्र बागरी के मार्गदर्शन में अच्छा परिणाम आया ।

### भाई- बहन ने मान

सेवानिवृत्त शिक्षक शिवकुमार चौरसिया के नाती नातिन ने क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उमरियापान के सोनू चौरसिया ने कक्षा 12 वीं में 500 में 430 (86%) अंक जबकि कक्षा 10वीं में शुभी चौरसिया ने 500 में से 461(92.2%) अंक हासिल किया है।पिता संदीप चौरसिया कृषि केंद्र संचालक है जबकि माता नीलम चौरसिया गृहिणी है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद परिजनों ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी।

**देर रात तक मशीनों को जमा करने का चलता रहा सिलसिला**

# विधानसभावार स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच ईव्हीएम मशीनों को रखा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




खजुराहो लोकसभा क्षेत्र का सांसद चुनने के लिए 26 अप्रैल को कटनी जिले में हुए शांति पूर्ण और निर्विघ्न मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद ईव्हीएम मशीनों को सुरक्षित तरीके से जमा कराने का कार्य देर रात तक चला। इसी के साथ खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के 14प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईव्हीएम मशीनों में बंद हो चुका है।कल देर रात तक सामग्री जमा करने का सिलसिला चला। इस दौरान पूरे समय कलेक्टर अवि प्रसाद मौजूद रहे। मतदान के बाद आईं ईव्हीएम मशीनों को कृषि उपज मंडी पहरूआ में विधानसभा क्षेत्रवार पहले से बनाए गए अलग -अलग स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच रखा गया है। यह सिलसिला अलसुबह तक चला।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद और राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों की मौजूदगी में ईव्हीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में लाक किया गया।

इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते, सहायक रिटर्निंग अधिकारी मुड़वारा प्रदीप कुमार मिश्रा, बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया और विजयराघवगढ़ महेश मंडलोई सहित डिप्टी कलेक्टर प्रमोद कुमार चतुर्वेदी एवं विवेक गुप्ता मौजूद रहे।

### कैमरों से हो रही निगरानी

स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कृषि उपज मंडी परिसर का ज़र्रा- ज़र्रा सुरक्षा बलों की निगहबानी में है। इसके अलावा स्ट्रांग रूम की 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों से भी निगरानी की जा रही है। इस कार्य में पूरी पारदर्शिता की दृष्टि एल ई डी स्क्रीन लगाई गई है। मतदान सामग्री जमा करने मंडी परिसर पहुंचे मतदान दलों से जो जहां- जैसे बैठे थे,उन सबके पास जा -जाकर कर कलेक्टर श्री प्रसाद ने वन -टू -वन मुलाकात की, चुनाव के विशेष कर मतदान और मतदान केन्द्रों में उनके और मतदाताओं के लिए की गई व्यवस्थाओं के बारे में पूछा। कलेक्टर ने मतदान कर्मियों से परिवार के मुखिया की भांति मतदान केंद्र में रहने, खाने प्रसाधन व्यवस्था, पेयजल आदि की समुचित उपलब्धता की जानकारी ली और उनके अनुभव सुने। मतदान कर्मियों ने व्यवस्थाओं की सराहना की । महिलाओं ने प्रसाधन और कूलर, पंखों के बेहतर इंतजाम के साथ ही पेयजल और खाने को मिले भोजन की गुणवत्ता की खास तौर पर सराहना की

### शहर के मुख्य सहित एप्रोच मार्गो में मवेशियों की रहती है धमाचौकड़ी

# आवारा मवेशियों की शहर में जमघट, जाम की साथ हादसे का डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के मुख्य सहित एप्रोच मार्गों में आवारा मवेशी आसानी से देखने को मिल जाएंगे। दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। कई बार आवारा मवेशी जहां लोगों का नुकसान कर देते हैं वहीं जब कभी सांडों के बीच घमासान होता है तो हादसे की आशंका भी बन जाती है। सांडो की लड़ाई के दौरान कई बार दुकान सहित वाहन क्षतिग्रस्त हो जाते हैं जिससे लोगों को अनावश्यक आर्थिक क्षति का नुकसान होता है।

आवारा मवेशियों की वजह से शहर सहित ग्रामीण अंचलों में आये दिन दुर्घटनाएं भी हो जाती है। कभी मवेशी को बचाने तो कभी अचानक सामने आ जाने के कारण वाहन चालक नियंत्रण खो बैठते हैं और हादसे का शिकार हो जाते हैं। कई बार मवेशियों की आपसी लड़ाई तो कभी अचानक से वाहनों के सामने आ जाने या फिर मवेशियों को बचाने के चक्कर में वाहन चालक नियंत्रण खो बैठते हैं।

ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी सभी जगह आवारा मवेशियों की वजह से लोग परेशान हैं। मवेशी झुण्ड बनाकर सड़कों पर इस तरह बैठे रहते हैं कि वाहन निकालना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में यातायात व्यवस्था भी जाम हो जाती है। सड़कों पर मवेशियों के कारण होनेवाले तमाम परेशानियों पर स्थानीय प्रशासन चुप बैठा है। मवेशियों को रोड से मुक्त कराने की योजना धरातल पर नजर नहीं आ रही है। लोगों की परेशानियों का ध्यान ने तो शहर न ही ग्राम पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधि और प्रशासन दे रहा है। ऐसी स्थिति में जरूरी है कि लोग स्वयं संभलकर चलें।

प्रशासन के द्वारा समय-समय पर यातायात व्यवस्था एवं पशुओं की समस्या को लेकर बैठक होती है, लेकिन किसी तरह की कार्रवाई नहीं होने से आम नागरिकों की परेशानी जस की तस बनी हुई है। मवेशियों की वजह से वाहन चालकों व राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### एक हजार रुपये जुर्माने का बना था प्रावधान

बीते वर्ष जिला प्रशासन ने सार्वजनिक सड़कों एवं स्थानों पर पशुओ को खुला छोड़ने वाले पशुपालकों पर एक हजार रुपये तक का जुर्माना लगाने की बात कही थी। राज्य सरकार द्वारा नगर पालिका अधिनियम 1961 में संशोधन किया गया था इसके अनुसार मवेशियों एवं अन्य पशुओं को सार्वजनिक सड़कों एवं स्थानों पर खुला छोड़ना अथवा बांधना जो भी कोई भी जानबूझकर अथवा उपेक्षापूर्वक किसी मवेशी अथवा अन्य पशु को सार्वजनिक सड़क अथवा स्थान पर खुला छोड़ते है, अथवा बांधता है, जिसके कारण किसी व्यक्ति को क्षति होती है या संपत्ति को नुकसान होता है या संकटापन्न होता है और लोक न्यूसेंस कारित होता है, तो वह राज्य सरकार द्वारा निहित जुर्माने से एक हजार रुपये का जुर्माना किया जाएगा।



# तेज रफ्तार कार ट्रक के पीछे घुसी, दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ट्रक और कार की हुई टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। अमदरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे सड़क पर बोरी गांव के निकट हुआ। सूत्रों के मुताबिक कार क्रमांक MP 04 CY 5257 का चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ट्रक क्रमांक CG 09 JB 7299 के पीछे जा घुसा। ट्रक और कार चालक कटनी से मैहर की दिशा की ओर जा रहे थे। बताया जाता है की पुलिस के 100 डायल वाहन के पहुंचने के पूर्व ही दो लोगों की मौत हो गई। 100 डायल में तैनात पुलिसकर्मी द्वारा अन्य 2 घायल को 1033 एम्बुलेंस की सहायता से उपचार हेतु कटनी रवाना किया गया। प्राथमिक रूप से यह ज्ञात हुआ है कि कार बैतूल मुल्ताई के आस पास की है और बैतूल मुल्ताई से नेपाल काठमांडू पशुपति नाथ भगवान के दर्शन हेतु नेपाल भ्रमण पर निकले थे। मृतक एवं घायलों के नाम और पता ज्ञात करने के प्रयास जारी है।

## खबर संक्षेप



### पवई के छात्र/छात्राओं का बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**पवई।** नगर की प्रतिष्ठित इंग्लिश मीडियम शैक्षणिक संस्था नॉलेज किंगडम पब्लिक स्कूल के कक्षा पांचवी एवं आठवीं के छात्र-छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया स जिसमें कक्षा आठवीं में अनन्या खंपरिया 93 प्रतिशत, शिवांश राज चौधरी 91.6 प्रतिशत, कुमारी कृतिका खंपरिया 91.5 प्रतिशत, वेद छिरौल्या 90.3 प्रतिशत, एवं श्रुति सेठिया 89.8 प्रतिशत, आर्यव खरे 88.3 प्रतिशत, सानिध्य श्रीवास्तव 87.3 प्रतिशत, वीर प्रताप सिंह बुंदेला 86.3 प्रतिशत, अथर्व तिवारी 85.6 प्रतिशत आरुष खरे 85.1 प्रतिशत, काव्या तिवारी 84.5 प्रतिशत, आरुषि खरे 84.3 प्रतिशत, हंसिका डेंगरे 82.6 प्रतिशत शुभ सिंह 82.1 प्रतिशत एवं कक्षा पांचवी में आकर्ष सक्सेना ने 95 प्रतिशत,आर्यांश सिंह परमार 89 प्रतिशत, पवन सिंगरौल 87 प्रतिशत,रुद्राक्ष नामदेव 85 प्रतिशत,एवं कुमारी . आराध्या सिंह बुंदेला ने 84 प्रतिशत, सूर्यांश तिवारी 83.2 प्रतिशत, स्तुति पाठक 82 प्रतिशत अरहम जैन 81.5 प्रतिशत अभिराज सिंह परमार 81.2 प्रतिशत साभ्या नगायच 79 प्रतिशत अंक प्राप्त किए एवं संस्था के अन्य सम्मिलित छात्र/छात्राओं का भी उम्दा प्रदर्शन रहा। बच्चों ने सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों एवं विद्यालय परिवार को दिया है। जिसमें विद्यालय प्राचार्य श्री कुलदीप चौबे एवं सभी शिक्षकों द्वारा शुभकामनाएं दी गई एवं बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई है।

### आग भड़कने से चार भाइयों के घर जलकर खाक



**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ तहसील एवं धरमपुर थाना अंतर्गत यूपी सीमा से लगे ग्राम भखुरी में शादी के घर में आग भड़कने से चार भाइयों के घर सहित गृहस्थी, अनाज और दहेज का सामान जल कर खाक हो गया है। घटना के संबंध में ग्राम पंचायत के सचिव अशोक तिवारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात राकेश यादव निवासी भखुरी की बेटी की शादी में खाना बन रहा था तभी अचानक कड़ाही से आग भड़क गई जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और कुछ ही देर में इस आग ने राकेश यादव के भाई श्यामलाल यादव, चुनबाद यादव और राज कुमार यादव के घरों को भी चपेट में ले लिया गांव के लोगों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुए। बताया गया है कि भूसा तक आग पहुंचने से उसे बुझाना मुश्किल हो रहा था। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड भी पहुंच गई लेकिन रास्ता संकीर्ण होने से वह घटना स्थल तक नहीं पहुंच सकी, किसी तरह ग्रामीणों ने मोटर पम्प चालू कर आग पर काबू पाया लेकिन तब तक चारों घर और गृहस्थी व दहेज का सामान जल कर खाक हो चुका था। अजयगढ़ एसडीओपी, धरमपुर थाना प्रभारी सहित पुलिस व राजस्व विभाग के कई अधिकारी कर्मचारी मौके पर पहुंच गए हैं। घर जलने के कारण अब कन्या का विवाह पंचायत भवन से करवाया गया है।

### कांग्रेस को गड़ा दिया कांग्रेसियों ने

**पन्ना।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी का तो इस सीट में समझौता के बाद से ही हालात कुछ इस अंदाज में आ चुके थे कि अब कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता किसके सहारे राजनीति को आगे लेकर बढ़ेगें। क्योंकि यह सीट तो इंडिया गठबंध के तहत खजुराहो लोकसभा सपा को सौंपी गई। वहीं सपा का भी प्रत्याशी जब चुनाव मैदान में आया तो फार्म निरस्त हुआ हालात बद से बदत्तर हो गये। अब इंडिया गठबंधन निर्दलीय प्रत्याशी राजा भईया प्रजापति को समर्थन देने की बात कही। वहीं पोलिंग एजेन्टों को बनाये जाने को लेकर कांग्रेस पार्टी के नेता गुनौर विधानसभा में एक सोशल मीडिया में हो रहे वीडियो वायरल में स्वयं चर्चा में आ गये।

गर्मियों में आग से हर साल जल जाती है किसानों की फसलें, फायर ब्रिगेड की संख्या नहीं बढ़ी

# कैसे हो आग पर काबू : एक दमकल के भरोसे है 2 ब्लॉक के 700 गांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

गर्मी की शुरुआत के साथ ही क्षेत्र में आगजनी की घटनाओं का सिलसिला शुरू हो गया है लेकिन जबेरा विधानसभा क्षेत्र में आग पर काबू पाने के लिए पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। उक्त विधानसभा में 2 ब्लॉक तेंदूखेड़ा एवं जबेरा आते हैं। इन ब्लॉकों के 700 से अधिक गांवों की सुरक्षा के लिए तेंदूखेड़ा नगर परिषद में सिर्फ एक फायर बिग्रेड वाहन मौजूद है, जो कि आगजनी की घटनाओं पर नियंत्रण पाने के लिए नाकाफी साबित हो रहा है। जबकि एक फायर ब्रिगेड नगर परिषद तेंदूखेड़ा की लापरवाही कहे या फिर उचित रखरखाव के चलते सालों से कंडम हालत में पड़ी है। इस साल गर्मी की शुरूआत से लेकर अप्रैल में आगजनी के कई घटनाएं घट चुकी हैं। खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई तो दुकान भी जल गया, जिससे किसानों और दुकानदारों को बड़ा नुकसान हुआ है। हर साल आगजनी की घटनाएं होने के बाद भी उन पर नियंत्रण पाने के लिए प्रशासन में बैठे अधिकारी और 'मंत्री-नेता पुख्ता इंतजाम नहीं कर पा रहे है तेंदूखेड़ा वासियों का कहना है कि ये हर साल का आलम है। क्षेत्र में बड़ी संख्या में आगजनी की घटनाएं होती है पर प्रशासन पर्याप्त संसाधन का रोना रोकर अपनी जिम्मेदारियों से इतिश्री कर लेता है। स्थिति ये है कि तेंदूखेड़ा नगर सहित जबेरा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्रामों को मिलाकर करीब 700 गांवों की सुरक्षा के लिए प्रशासन के पास संसाधन के नाम पर महज एक फायर ब्रिगेड है, जो कि गांव और क्षेत्रफल के हिसाब से नाकाफी है ये समस्या पिछले कई सालों से बनी हुई है। आगजनी से पीड़ित लोग पर्याप्त दमकल लॉरी सहित अन्य संसाधन उपलब्ध कराने की मांग करते आ रहे हैं पर उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शासन-प्रशासन के पास फिजूलखर्ची के लिए पर्याप्त बजट होता है, पर जो जरूरी है उसके लिए बजट का अभाव बता दिया जाता है। ऐसे में हर साल आगजनी से लोगों को लाखों रुपए का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।



### पंचायतों के पास टैंकर तो हैं पर ट्रैक्टर नहीं

कुछ दिनों से क्षेत्र में आग लगने के मामले सामने आने लगे हैं। जिनसे निपटने के लिए सरकार ने करीब एक लाख के उपकरण हर पंचायत को दिए थे। उनकी सहायता से आग पर काबू पाया जा सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत के पास टैंकर तो हैं पर ट्रैक्टर नहीं है। जब भी आग लगती है तो पंचायत ट्रैक्टर नहीं होने का बहाना बनाकर हाथ खड़े कर देती है। लोग खुद आग बुझाने का प्रयास करते हैं, लेकिन सफल नहीं हो पाते हैं और जब तक फायर ब्रिगेड पहुंचती है तब तक बहुत नुकसान हो जाता है। ग्रामीणों के अनुसार आग बुझाने उपकरण तो दूर पानी तक पंचायतों में नहीं है, वहीं दूसरी ओर सरकारी कर्मी और जनप्रतिनिधि बजट का अभाव बताते रहते हैं।

### दो जनपद के बीच एक फायर ब्रिगेड

तेंदूखेड़ा और जबेरा जनपद पंचायत के अंतर्गत 132 ग्राम पंचायत आती है। जिसमें तेंदूखेड़ा में 62 ग्राम पंचायत और जबेरा में 70 ग्राम पंचायतें हैं। इनके अंतर्गत करीब 700 ग्राम हैं। जब दोनों ब्लॉकों में कहीं भी आग लगती है तो तेंदूखेड़ा से ही फायर ब्रिगेड वाहन भेजा जाता है। जब तक वाहन पहुंचता है तो काफी देर हो जाती है। यदि आग की घटना बड़ी है तो फिर दमोह और जबलपुर जिले के पाटन से भी दमकल को बुलाना पड़ता है लेकिन दूरी ज्यादा होने से ये वाहन भी समय पर नहीं पहुंच पाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कई ऐसे मामले सामने आ चुके कि जहां दमकल देरी से पहुंचने के कारण बड़ा नुकसान हो चुका है।

### दमकलकर्मियों के पास भी सुरक्षा उपकरण नहीं

तेंदूखेड़ा में तैनात दमकल कर्मियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उनके पास सुरक्षा के लिए पर्याप्त सामग्री व उपकरण नहीं है। इस कारण उन्हें आग बुझाने में कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उनके पास न तो फायर किट है न ही मास्क, जूते और दस्तानें सहित अन्य सामग्री है। सुरक्षा सामग्री के अभाव में आग बुझाते समय बड़ी परेशानी होती है। कई बार कर्मचारी स्वयं भी आग की लपटों में घिरने से झुलस जाते हैं। इसके साथ ही उन्हें कभी प्रशिक्षण भी नहीं दिया जाता है।

### अप्रशिक्षित के भरोसे आधुनिक फायर ब्रिगेड

अग्नि दुर्घटनाओं पर काबू पाने के लिए नपा के पास आधुनिक फायर फाइटर (अग्निशमन) वाहन तो उपलब्ध हैं लेकिन वर्षों से इसकी कमान अप्रशिक्षित कर्मचारियों के हवाले है। सुरक्षा संसाधनों के अभाव में भी कर्मचारी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर अपनी जान की परवाह किए बिना ही लगातार अग्नि दुर्घटनाओं पर अंकुश लगा रहे हैं लेकिन प्रशिक्षण एवं सुरक्षा संसाधनों के अभाव में फायर फाइटर की सुविधा नाकाफी साबित हो रही है। अग्नि दुर्घटना के दौरान दमकल कर्मी महज पानी फेंकते नजर आते हैं। प्रशिक्षण के अभाव में इनके भरपूर प्रयास भी कभी-कभी नाकाम साबित हो जाते हैं।

### दोनों ब्लॉक के लोगों को राज्यमंत्री से उम्मीद

जबेरा एवं तेंदूखेड़ा के लोगों को जबेरा विधानसभा विधायक एवं राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी से उम्मीद है कि आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए उनके द्वारा क्षेत्र में दमकल वाहन की उपलब्धता कराई जाएगी। स्थानीय लोगों ने राज्यमंत्री से मांग की है कि क्षेत्रफल, ग्राम पंचायत, गांव एवं आबादी को देखते हुए जबेरा विधानसभा में दमकल वाहन एवं कर्मियों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि यदि क्षेत्र में कोई आगजनी होती है तो तत्काल दमकल सुविधा मिल सकें और अन्य नगरीय निकाय पर निर्भर न रहना पड़े।

# कथा में 24 अवतार एवं सती चरित्र का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



किशोरी वैष्णवी गर्ग जी के मुखारविंद से ग्राम इटवा लडान बाग दुबे परिवार द्वारा श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन - शुकदेव जन्म, परीक्षित श्राप और अमर कथा का वर्णन करते हुए बताया कि"नारद जी के कहने पर पार्वती जी ने भगवान शिव से पूछा कि उनके गले में जो मुंडमाला है वह किसकी है तो भोलेनाथ ने बताया वह मुंड किसी और के नहीं बल्कि स्वयं पार्वती जी के हैं। हर जन्म में पार्वती जी विभिन्ना रूपों में शिव की पत्नी के रूप में जब भी देह त्याग करती शंकर जी उनके मुंड को अपने गले में धारण कर लेते पार्वती ने हंसते हुए कहा हर जन्म में क्या मैं ही मरती रही, आप क्यों नहीं।

शंकर जी ने कहा हमने अमर कथा सुन रखी है पार्वती जी ने कहा मुझे भी वह अमर कथा सुनाइए शंकर जी पार्वती जी को अमर कथा सुनाने लगे। शिव-पार्वती के अलावा सिर्फ एक तोते का अंडा था जो कथा के प्रभाव से फूट गया उसमें से श्री सुखदेव जी का प्राकट्य हुआ कथा सुनते सुनते पार्वती जी सो गई वह पूरी कथा श्री सुखदेव जी ने सुनी और अमर हो गए शंकर जी सुखदेव जी के पीछे उन्हें मृत्युदंड देने के लिए दौड़े। सुखदेव जी भागते भागते व्यास जी के आश्रम में पहुंचे और उनकी पत्नी के मुंह से गर्भ में प्रविष्ट हो गए। 12 वर्ष बाद श्री सुखदेव जी गर्व से बाहर आए इस तरह श्री सुखदेव जी का जन्म हुआ।

कथा व्यास किशोरी जी ने बताया कि भगवान की कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है। राजा परीक्षित के कारण भागवत कथा पृथ्वी के लोगों को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। समाज द्वारा बनाए गए नियम गलत हो सकते हैं किंतु भगवान के नियम ना तो गलत हो सकते हैं और नहीं बदले जा सकते हैं।

कथा व्यास जी ने उन्होंने कहा कि भागवत के चार अक्षर इसका तात्पर्य यह है कि भा से भक्ति, ग से ज्ञान, व से वैराग्य और त त्याग जो हमारे जीवन में प्रदान करे उसे हम भागवत कहते है। इसके साथ साथ भागवत के छह प्रश्न, निष्काम भक्ति, 24 अवतार श्री नारद जी का पूर्व जन्म, परीक्षित जन्म, कुन्ती देवी के सुख के अवसर में भी विपत्ति की याचना करती है। क्यों कि दुख में ही तो गोविन्द का दर्शन होता है। जीवन की अन्तिम बेला में दादा भीष्म गोपाल का दर्शन करते हुये अद्भुत देह त्याग का वर्णन किया। साथ साथ परीक्षित को श्राप कैसे लगा तथा भगवान श्री शुकदेव उन्हे मुक्ति प्रदान करने के लिये कैसे प्रगट हुये इत्यादि कथाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। किशोरी जी ने कहा कि श्रीमद् भागवत केवल पुस्तक नही साक्षात श्रीकृष्ण स्वरुप है। इसके एक एक अक्षर में श्रीकृष्ण समाये हुये है। उन्होंने कहा कि कथा सुनना समस्त दान, व्रत, तीर्थ, पुण्यादि कर्मो से बढ़कर है। कथा सुनकर पांडाल में उपस्थित श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। कथा के मध्य में मेरी लगी श्याम संग प्रीत और मां की ममता के महत्व का भजन सुनकर भक्त आत्मसात हो गये। इस कथा का लाइव प्रसारण यूट्यूब चैनल एवं सोशल मीडिया पर भी किया जा रहा है। समस्त भक्त जनों की उपस्थिति रही। कथा में मुख्य यजमान पंडित माधव प्रसाद दुबे श्रीमती सुमतरानी दुबे एवं समस्त दुबे परिवार लाडन बाग इटवा है।

## हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा में सफलता को लेकर जिले स्तर में मैरिट सूची में आने से स्वयं हो रहा बयां

**पन्ना/अजयगढ़।**

सीएम राईज विद्यालय अजयगढ़ के कक्षा 10वीं के छात्र पंकज सिंह पिता प्रेम सिंह निवासी खोरा ने जहां हाई स्कूल परीक्षा में 500 पूर्णांक में से 484 अंक प्राप्त कर 96.08 प्रतिशत की सफलता हांसिल कर जिले की मैरिट में प्रथम स्थान हासिल किया है। इसी तरह पवन कुमार सिंह पिता शिवमोहन सिंह निवासी खोरा ने जहां 500 में से 472 अंक प्राप्त करते हुए 94.04 प्रतिशत द्वितीय स्थान जिले में कायम किया। वहीं कुमारी हर्षिता देवी पिता तुलसीदास निवासी खोरा ने 500 में से 461 अंक प्राप्त करके 92.02 प्रतिशत विद्यालय स्तर में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह कक्षा 12वीं में कुमारी खुशी गुप्ता पिता श्यामबाबू गुप्ता निवासी खोरा 500 में से 474 अंक प्राप्त करते हुए 94.08 प्रतिशत जिले की मैरिट में गणित समूह में तृतीय स्थान विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया है। तथा समर गुप्ता पिता श्री ओमहरि गुप्ता ने 500 में से 449 अंक प्राप्त कर 89.08 प्रतिशत की सफलता अर्जित की। विद्यालय स्तर में द्वितीय स्थान इसी तरह कु. खुशी तिवारी पिता शिवराम तिवारी एवं सिखा तिवारी पिता श्रीचन्द्रशेखर तिवारी ने 500 में 448 अंक प्राप्त करते हुए 89.06 प्रतिशत की सफलता अर्जित की विद्यालय स्तर में तृतीय स्थान प्राप्त किया। उक्त सभी छात्रों की सफलता से सीएम राईज विद्यालय अजयगढ़ अपने आप में हाईस्कूल एवं हायर।

# 10 दिनों से टंकी में पेयजल आपूर्ति ठप, पेयजल संकट गहराया

### 2 किमी दूर नदी पानी भरने को मजबूर है ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार





जंप जबेरा की ग्राम पंचायत घटेरा स्थित जल जीवन निगम की टंकी में बीते दस दिनों से पेयजलापूर्ति बंद होने ग्राम की जलापूर्ति ठप है। ग्राम के सैकड़ों परिवारों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। लोगों ने इसकी शिकायत जल निगम के अधिकारियों से की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।गांव घटेरा में गहराए पेयजल संकट के कारण लोगों को पानी के लिए दूर-दूर तक भटकना पड़ रहा है। भीषण गर्मी के इस दौर में पेयजल के लिए त्राहि त्राहि मची हुई है पानी के लिए दो किमी दूर नदी में सुबह हो या शाम लोगो की भीड़ लगी रहती है। पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीणों का कहना है जल जीवन निगम की टंकी में 10 दिनों से पेयजल सप्लाई नहीं की गई है जिसके कारण ग्राम में पेयजल संकट गहराया हुआ है। जल जीवन निगम के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर मनोज राज का कहना है मैं दिखवाता हूं कहां दिक्कत आ रही और क्यों 10 दिनों से टंकी में पेयजलापूर्ति बंद है शीघ्र ही ग्रामीणों की समस्या दूर की जाएगी।

## पेड़ काटने के विवाद को लेकर 49 वर्षीय वृद्ध से मारपीट, मामला दर्ज

**अमानगंज।** पुलिस थाना अमानगंज में फरियादी जवाहरलाल पटेल पिता वृंदावन पटेल उम्र 49 साल निवासी टोराह ने उपस्थित होकर जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि दो-तीन दिन पहले मेरे खेत में लगा सिरसा का पेड़ का कम्मू पटेल ने काट लिया था जिसे सिरसा का पेड़ काटने से मना किया था तो वह विवाद कर रहा था इसी बात को लेकर दिनांक 25 अप्रैल 2024 के सुबह करीब 6रू30 बजे खेत के पास कम्मू पटेल ने मेरे पीछे से आकर हमला कर दिया और मुझे बुरी बुरी गालियां देते हुए मारपीट करने लगा मारपीट में मेरे दोनों हाथ कमर एवं दाहिने पैर की पीडरी में चोट आई है बीच कम्मू पटेल का पिता दादू लाल पटेल भी आ गया



और मेरे ऊपर लाठी मारी इसके बाद में चिल्लाया और जीवन एवं राजेश ने आकर मुझे बचाया। घटना पर अमानगंज थाना पुलिस ने आरोपी कम्मू पटेल पिता दादू पटेल और दादू लाल पटेल पिता विशाल पटेल के खिलाफ धारा 341, 294, 323, 506,34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

### छात्र ने की आत्महत्या

**अमान गज ।** माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम आया जिसमें अमानगंज क्षेत्र के अधिकांश छात्र-छात्राओं की सप्लीमेंट्री आई है या फेल हुए हैं जिससे कुछ छात्र बहुत ही चिंतित हैं। इसी प्रकार अमानगंज क्षेत्र के ग्राम महुआडांडा निवासी एक कक्षा दसवीं का छात्र को जब पता चला कि वह एक विषय में फेल हो गया है एवं उसकी सप्लीमेंट्री आई है। इसका छात्र को ऐसा झटका लगा कि उसी दिन से वह चिंतित रहने लगा और दिनांक 25- 26 की दरमयानी रात उसने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के विषय में अमानगंज पुलिस थाना से प्राप्त जानकारी अनुसार फरियादी धन प्रसाद पिता प्रेमलाल पाल उम्र 25 साल निवासी महुआडांडा ने अमानगंज थाना में उपस्थित होकर जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि दिनांक 25 अप्रैल 2024 को रात करीब 9:30 बजे हम सभी लोग खाना पीना खाकर सो गए थे छोटा भाई राघवेंद्र पाल उम्र 16 साल घर के बाहर बैठा था जब हम लोग सुबह जागे तो देखा।

# कथा में सुनाया श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग





**अमानगंज।**

नगर के वार्ड क्रमांक एक पतारा क्षेत्र के प्रतिष्ठित रिटायर्ड शिक्षा पंडित श्री लखन लाल तिवारी के परिवार में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में आज श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह का प्रसंग कथावाचक पंडित श्री राम दुलारे पाठक ने सुनाया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह को एकाग्रता से सुना। श्रीकृष्ण-रुक्मणि की सुंदर मूर्ति का मंत्र उच्चारण के साथ विवाह करवाया बारात रूपी भक्तों का भारी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।श्रद्धालुओं ने एवम मंच पर संगीत वाजक कलाकारों के द्वारा विवाह के मंगल गीत गाए। कथा के मुख्य यजमान लखन लाल तिवारी पत्नी रामफूल तिवारी परिवार, नाथूलाल तिवारी,महेंद्र तिवारी,मुकेश तिवारी,मनीष तिवारी, अनिल तिवारी, ऋषि तिवारी ने दीप प्रज्जवलित किया। प्रसंग में शास्त्री ने कहा कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थी। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया।श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह के मंगल गीतों पर जमकर झूमे श्रोता भक्तगण।

# मतदान करने में युवाओं में रहा भारी उत्साह

## दूल्हा ने नई नवेली दुल्हन को लेकर मतदान केंद्र पहुंचकर किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा ब्लांक के 151 मतदान केंद्रो पर शांति पूर्ण मतदान हुआ है। शाम बजे तक जवेरा विधान सभा में 55.03 प्रतिषत मतदान हुआ था। लेकिन तेंदूखेड़ा के मतदान केंद्रो की व्यवस्थाओं को लेकर डयूटी में लगी स्थाननीय महिलाओ को जैसे कम्यूनिकेषन में डयूटी कर रही आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ, सहायिकाओं, आषा कार्यकर्ताओ के अलावा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को न भोजन मिला हैं और न ही नाष्ता दिया गया है। इन सभी ने कहां कि मध्यान्ह भोजन सप्लाई कर रहे समूह के लोगों ने यह कहकर मना कर दिया है कि यह भोजन सिर्फ बाहर से डयूटी करने आए कर्मचारियों और अधिकारियों एवं सुरक्षा बल को ही दिया जाना है। लोकल के कर्मचारियों को नहीं दिया जाना है। यहां तक कि बहुत सी पोलिंग पर पानी की भी समस्या रही है। जबकि नगर की 12 पोलिंग बूथो पर सम्पूर्ण व्यवस्था करने की जबावदारी नगर परिषद की थी। इस संबंध में जब एसडीएम से बात की तो उन्होंने कहां कि मैं अभी सीएमओ से बात करता हूँ। जब सीएमओ से बात की तो उन्होने कहां कि डयूटी में लगे सभी कर्मचारियों को भोजन की व्यवस्था की गई थी। लेकिन अगर कम्यूनिकेषन के कर्मचारियों को भोजन नहीं मिला है तो नगद पैसा दिया जाएंगा।

लेकिन मतदाताओं ने इस महापर्व पर पहली बार मत डालने गए युवाओं में अधिक उत्साह रहा। जिस कारण नगर के अनेक मतदान केंद्रो पर 70 प्रतिषत के आसपास मतदान हुआ है। तो कहीं पर कम मतदान हुआ है।

## कथा सुनने और हरि नाम लेने से जीव मोक्ष के साथ हरि के धाम जाता है: किशोरी वैष्णवी गर्ग

**दमोह।** श्रीमद् भागवत कथा दुबे परिवार द्वारा इटवा लाडन वाग दमोह में हो रही है आज कथा का द्वितीय दिवस है कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी के मुखारविंद से आज कथा सुनाई गई आज कथा में महाराज परीक्षित का जन्म अभिषेक और शमिक ऋषि के पुत्र श्रृंगी ऋषि द्वारा परीक्षित को तक्षक सर्प द्वारा दंश का श्राप देना राजा परीक्षित का मोह भंग होना राजा का गंगा के तट पर पहुंचना और विलाप करना और श्री श्री शुकदेव गोस्वामी महाराज गंगा तट पर आगमन श्री शुकदेव गोस्वामी महाराज द्वारा राजा परीक्षित एवं जीव कल्याण के लिए सप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कराना एवं भागवत के दस लक्षणों के बारे में बताएं इसके साथ ही माता देवहूति एवं कपिल संवाद माता देवहूति का अपने पुत्र कपिल देव को गुरु बनाना एवं गुरु की महिमा वराह अवतार की कथा हिरण्याक्ष की मोक्ष की कथा श्री धाम वृंदावन की महिमा आदि लीलाओं वर्णन किशोरी जी ने श्रोताओं को बताया कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने से तथा हरि नाम लेने से जीव सिर्फ मोक्ष ही नहीं अपितु भगवान के नित्य धाम को जा सकता और कथा श्रवण करने से भगवान के श्री चरणों में अनंत कोटि पर्यंत तक वास मिलता है।

## खबर संक्षेप

### सतीश सेन 86. 6% प्रकार लिया प्रथम स्थान

**झलौन।** शासकीय एकीकृत शाला झलोन में कक्षा आठवीं में सतीश सेन ने प्रथम स्थान पाकर गौरव बढ़ाया। शिक्षकों एवं ग्राम के लोगों ने की बधाइयां दी।

### आदित्य शर्मा का सुयश

**दमोह।** नगर के श्री गुरु नानक हायर सेकेंडरी स्कूल कक्षा 12वीं गणित संकाय के छात्र आदित्य पुत्र राकेश शर्मा द्वारा जेईई मेन्स वर्ष 2023-24 की परीक्षा में 99.88 परसेन्ट अर्जित किये हैं उन्होंने सीआरएल 1901 और ओबीसी एनसीएल 334 रैंक अर्जित की हैं। यह सिर्फ श्री गुरु नानक एजुकेशन सोसायटी के लिए ही नहीं बल्कि पूरे नगर के लिए गौरव की बात हैं। श्री गुरु नानक एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष, सभी सदस्य, प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

### पूरक परीक्षा के लिये आवेदक 1 मई से

**दमोह।** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 24 अप्रैल को10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए है। जो स्टूडेंट इस परीक्षा में पास नहीं हो पाए थे वो सप्लीमेंट्री एग्जाम देकर अपना साल बचा सकते है। सप्लीमेंट्री फॉर्म यानि की पूरक परीक्षा भरने की प्रक्रिया 1 मई से शुरू हो जाएगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी नोटिफिकेशन के तहत 10वीं और 12वीं की पूरक परीक्षा के फार्म 1 मई से भरे जाएंगे। छात्र मासिमं की वेबसाइट **www.mpbse.nic.in** पर जाकर ऑनलाइन फार्म भर सकते है। 10वीं-12वीं के सप्लीमेंट्री एग्जाम 9 जून 2024 को होंगे। ऐसे में छात्रों के पास आवेदन करने के लिए काफी समय है। नोटिफिकेशन के मुताबिक जिन स्टूडेंट को 10वीं और 12वीं की परीक्षा में कम्पार्टमेंट आया है, केवल स्टूडेंट ही एमपी बोर्ड सप्लीमेंट्री परीक्षा 2024 के लिए आवेदन करने के पात्र हैं।

### अतिथि शिक्षक को पद से पृथक करने के निर्देश

**दमोह।** पीठासीन अधिकारी मतदान केंद्र क्रमांक 262 विधानसभा क्षेत्र 56 जबेरा द्वारा प्रस्तुत शिकायत पर कार्रवाई करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने माध्यमिक विद्यालय धनगोर संकुल तेंदूखेड़ा के अतिथि शिक्षक नितिन पाराशर को तत्काल प्रभाव से अतिथि शिक्षक के पद से पृथक किए जाने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के लिए निर्देशित करने आदेशित किया है। ज्ञातव्य है मतदान केंद्र में नितिन पाराशर विशेष पुलिस अधिकारी (SPO) नियुक्त थे।

देव श्री जागेश्वरनाथ धाम वर्षों से चली आ रही परंपरा, 11 मिट्टी के घड़े से होता है जलाभिषेक

# वैशाख माह में भगवान जागेश्वर नाथ के लिए बांधी गई गलंतिका



हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार

वैशाख माह के आरंभ होते ही सुबह से लेकर शाम तक देव श्री जागेश्वर धाम बांदकपुर धाम में भक्तों का ताता लगा रहता है। मान्यता है वैशाख माह में भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाने से शारीरिक कष्ट एवं बीमारियां एवं नाना प्रकार के रोग दूर होते है। हिंदू ग्रंथो के अनुसार माना जाता है कि जो भी व्यक्ति वैशाख माह में भगवान भोलेनाथ को जल अर्पण करता है भगवान उसके सभी शारीरिक कष्ट एवं रोग से मुक्ति दिलाते है। बैसाख मास में हर मंदिर में शिवलिंग के ऊपर गलंतिका बांधी जाती है। इस परंपरा में ये बात ध्यान रखने वाली है कि गलंतिका में डाला जाने वाला जल पूरी तरह से शुद्ध हो। चूंकि ये जल शिवलिंग पर गिरता है, इसलिए इसका शुद्ध होना जरूरी है। अतः सफाई और शुद्धता का ध्यान रखना जरूरी है।

### शिवलिंग के ऊपर क्यों बांधते हैं गलंतिका

हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार वैशाख मास में भीषण गर्मी पड़ती है। जिससे शरीर का तापमान बढ़ जाता है। वह कई बीमारियों को सामना करना पड़ता है। ऐसी ही मान्यता भगवान शिवजी से जुड़ी है। जब समुद्र मंथन में सबसे पहले कालकूट नामक भयंकर विष निकला था। तब पूरी सृष्टि में कोहराम मच गया था। तब भगवान शंकर ने उस विष को पीकर सृष्टि को बचाया था। मान्यताओं के अनुसार वैशाख मास में महादेव पर विष का असर होने लगता है। उनके शरीर का तापमान भी बढ़ने लगता है। उस तापमान को नियंत्रित करने के लिए शिवलिंग पर मटकी बांधी जाती है। जिसमें से बूंद-बूंद टपकता जल शंकर जी को ठंडक देता है।वैशाख माह में शिवलिंग के ऊपर एक मटकी बांधी जाती है। जिसमें से बूंद-बूंद पानी टपकता रहता है। इस परंपरा के पीछे धार्मिक कारण है। कुछ स्थानों पर एक से अधिक गलंतिका बांधी जाती है।

### यही से शुरू हुई शिवजी को जल चढ़ाने की परंपरा

शिवलिंग पर प्रतिदिन लोगों द्वारा जल चढ़ाया जाता है। इसके पीछे भी यही कारण है कि शिवजी के शरीर का तापमान सामान्य रहे। गर्मी के दिनों तापमान अधिक रहता है, इसलिए इस समय गलंतिका बांधी जाती है, ताकि निरंतर रूप से शिवलिंग पर जल की धारा गिरती रहे।

### क्या है गलंतिका

गलंतिका का शाब्दिक अर्थ है, जल पिलाने का करवा या बर्तन। इस मटकी में नीचे की ओर एक छोटा सा छेद होता है, जिसमें से एक-एक बूंद पानी शिवलिंग पर निरंतर गिरता रहता है। ये मटकी मिट्टी या किसी अन्य धातु की भी हो सकती है। इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है कि इस मटकी का पानी खत्म न हो।

# गौ शाला की व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे मंत्रीगण



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

जबेरा विधानसभा के ग्राम गुबरा बूढ़ा में इस निर्माण गौ शाला का कार्य निरंतर गति से चल रहा है इस बीच मध्यप्रदेश शासन में केबिनेट मंत्री प्रहलाद पटैल व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने पहुंचकर निर्माण कार्य को देखा व अपने विचारों को रख उचित मार्गदर्शन दिया व निर्माण कार्य में अपना सहयोग प्रदान किया । ग्राम गुबरा बूढ़ा में जंगल से सटे रोड के किनारे पर एक ठेले वाले के यहां पहंचे और ठेले वाले से हाल जाना व उसके गन्ने के जूस का आनंद लिया ठेले वाले ने अपना नाम राहुल रैकवार बताया और उसने कहा कि जंगल के पास ठेले लगाने पर लोग कम आते आज मंत्री जन आये और मेरी दुकान पर जूस पीकर अधिक पैसे दिए । इस दौरान नरेंद्र बजाज जिला उपाध्यक्ष रूपेश सेन, मनदीप यादव, मुलायम चंद्र जैन, खड़क सींग, मूरत सिंह जी खैरी सरपंच, शहर बड़ी संख्या में नागरिक जनों की उपस्थिति रही।। कम वोटिंग के लिए मंत्रीजी ने कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया.. दमोह के पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री वर्तमान में मध्य प्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल का बड़ा बयान सामने आया है। आज दमोह पहुंचने पर उन्होंने मीडिया से चर्चा के दौरान लोकसभा चुनाव में कम मतदान के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि उन्होंने कम मतदान के लिए तीन कारण बताए है जिनमे प्रमुख कांग्रेस की निष्क्रियता बताया है श्री पटेल मध्य प्रदेश की 29 में 29 सीटों पर भाजपा की जीत का एक बार फिर से दावा किया है।

### कम वोटिंग के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया

दमोह के पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री वर्तमान में मध्य प्रदेश के ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल का बड़ा बयान सामने आया है। दमोह



पहुंचने पर उन्होंने मीडिया से चर्चा के दौरान लोकसभा चुनाव में कम मतदान के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि उन्होंने कम मतदान के लिए तीन कारण बताए है जिनमे प्रमुख कांग्रेस की निष्क्रियता बताया है श्री पटेल मध्य प्रदेश की 29 में 29 सीटों पर भाजपा की जीत का एक बार फिर से दावा किया है। उनहोने कहा कि 'हम 4 जून के परिणाम के बाद इसकी समीक्षा करेंगे. क्योंकि मेरे जैसा व्यक्ति यह मानता है अगर हमारी सक्रियता है तो मतदान का प्रतिशत बढ़ना ही चाहिए'। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी थी दूसरा वैवाहिक कार्यक्रम और कांग्रेस की निष्क्रियता यह तीन कारण थे जिनके कारण मतदान 10% तक पीछे चला गया, यह गिरावट चिंता का विषय है।

# पीड़ित परिजनों के साथ हिंदू संगठन ने किया प्रदर्शन

### गर्भवती महिला को सही उपचार न मिलने के विरोध स्वरूप अस्पताल के बाहर प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

जिला अस्पताल के बाहर शनिवार दोपहर पीड़ित परिजनों के साथ हिंदू संगठन के पदाधिकारी ने दलाली अफसर साही तथा मनमानी के विरोध में देर तक विरोध प्रदर्शन किया जिसकी जानकारी लगने पर एसडीएम तथा कोतवाली पुलिस अस्पताल पहुंची बाद में सिविल सर्जन से चर्चा तथा आश्वासन के बाद यह प्रदर्शन खत्म हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को बस स्टैंड क्षेत्र में वर्ग विशेष के कुछ लोगों द्वारा हैंडपंप पर पानी भरने गई गर्भवती महिला के साथ मारपीट कर दी गई थी वह उसके परिवार के लोगों के साथ में मारपीट की गई थी जिसकी शिकायत कोतवाली में करने पर पुलिस के द्वारा एमएलसी करने के लिए जिला अस्पताल भेजा गया था। जहां घायलों का ना समुचित इलाज किया गया था ना जांच की गई थी। जिसको लेकर पीड़ित पक्ष द्वारा हिंदू संगठन के पदाधिकारी से चर्चा करके न्याय दिलाने की अपील की गई थी। किसी को लेकर शनिवार दोपहर विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अजय खत्री तथा हिंदू युवा वाहिनी पदाधिकारी नित्या प्यासी के साथ अन्य हिंदू संगठनों के पदाधिकारी जिला अस्पताल के बाहर पहुंच गए थे। जहां पीड़ित परिजनों के द्वारा हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी के साथ अस्पताल में दलाली मनमानी अफसर शाही के विरोध में देर तक विरोध प्रदर्शन किया गया। देश की सूचना लगने पर कोतवाली पुलिस के अलावा एसडीएम श्री बागड़ी जिला अस्पताल पहुंचकर सिविल सर्जन राजेश नामदेव के साथ चर्चा की तथा हिंदू संगठन के पदाधिकारी से चर्चा करते हुए मामले में पीड़ितों को जल्द उपचार के साथ जांच आदि कराई जाने का आश्वासन दिया इसके बाद ही या विरोध प्रदर्शन खत्म हुआ।

# दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, तीन लोगों की हालत गंभीर

**दमोह।** जिले के मडियादो थाना क्षेत्र अंतर्गत मडियादो के आगे महलवारा तिराहा पर शनिवार की दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो जाने पर दोनों बाइकों में सवार करीब चार लोग बुरी तरह घायल हो जाने पर उन्हें उपचार के लिए हटा अस्पताल लाया गया जहां हालत गंभीर होने पर बेहतर इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल में 108 से भर्ती कराया गया । 108 पायलट गजेंद्र रजक, भरत पाठक और ईएमटी अरविंद, देवांश नामदेव ने बताया कि दोनों बाइको में सवार करीब चार लोगों में तीन लोगों को गंभीर चोटे आने पर इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल में भर्ती किया है. जिनका डॉक्टर द्वारा इलाज किया गया। एक बाइक में सवार हरिराम पिता भूरे रजक उम्र 50 वर्ष निवासी पाली व नरेंद्र नाम के व्यक्ति के साथ पाली गांव जा रहे थे और दुसरी बाइक में सवार प्रहलाद यादव पिता भागीरथ उम्र 50 वर्ष तथा गोविंद पिता भगवत यादव उम्र 35 वर्ष दोनों निवासी खमरिया कुम्हारी गमी में शामिल होकर पाली गांव से अपने निवास आ रहे थे। तभी दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो जाने पर बाइकों में सवार करीब चार लोगों में तीन लोगों की हालत गंभीर होने पर इलाज जारी है।

# 23 साल बाद बना ऐसा योग, मई और जून में नहीं बजेगी शहनाइयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

गर्मी के दोनों में ही सबसे ज्यादा शादियों का मुहूर्त रहता है। अप्रैल से लेकर जून तक डॉन साड़ियां देखने को मिलती हैं लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा अप्रैल में सिर्फ आठ मुहूर्त ही थे जिसमें अभी दो शेष है अब शादी के लिए अगली बेहतर तिथि जुलाई महीने में आएगी। इस बीच मई और जून में इस साल कोई भी मुहूर्त शादी का नहीं है, जबकि अक्षय तृतीया पर बिना मुहूर्त के ही शादी विवाह का मुहूर्त माना जाता था लेकिन इस वर्ष अक्षय तृतीया पर भी शादी मुहूर्त का योग नहीं है, ऐसा 23 साल बाद योग बना है। इतना ही नहीं जुलाई मैं भी सिर्फ चार तिथियां ही हैं, उसके बाद फिर 4 महीने का ब्रेक लग जाएगा। हटा के ज्योत्साचार्य पंडित रामसुजान पाठक ने बताया कि गुरु प्रधान राशि मीन में प्रवेश करते ही सूर्य मलिन हो जाता है इस कारण सूर्य के बलवान नहीं रहने से मांगलिक कार्यों की स्थिति नहीं बनती है। इसी तरह इस साल 28 अप्रैल के बाद करीब दो महीने विवाह के मुहूर्त भी नहीं रहेंगे। 26 अप्रैल से शुक्र का अस्त हो गया है जो 2 जून को उदित होगा, परंतु शुक्र अस्त ही रहेगा इस कारण से में युवा जून माह में विवाह की शहनाई नहीं बजेगी। इन दोनों ही महीनों में एक भी लग्न नहीं है इसके बाद 7 जुलाई से लग्न शुरू होगा, जो 16 जुलाई को समाप्त हो जाएगा। अगस्त सितंबर और अक्टूबर महीने में भी चातुर्मास के कारण शादियां नहीं होगी। फिर 17 नवंबर में लग्न शुरू होगा। विदित है कि एक-साथ कई शादियां होने से बाजार में भी काफी बड़ा भीड़ दिखाई देने लगी थी दुकानों में सुबह से लेकर शाम तक काफी भीड़ लग रही थी उधर लोग भी परेशान हो चुके है एक ही तिथि में कई शादी होने से उन्हें एक ही दिन में कई शादी में शामिल होना पड़ रहा था।

### मतदान पर पड़ा असर-


यही कारण रहा कि विगत 25 और 26 अप्रैल को सबसे ज्यादा विवाह मुहूर्त देखे गए जिसका सीधा असर 26 तारीख को हुए लोकसभा के मतदान में देखा गया दमोह लोकसभा की चारों विधानसभाओं में मतदान का प्रतिशत काफी कम रहा। कई लोगों के परिवार में विवाह जिसके चलते उनका परिवार व अधिकांश रिश्तेदार वोट करने नहीं पहुंच सके। इसके अलावा शादियों के गिने-चुने मुहूर्त का सीधा असर व्यापार पर भी देखने को मिला। इससे सीधे तौर पर कैटरिंग, बैंड बाजा, घोड़ी वाले, टेंट, डेकोरेशन, मैरिज गार्डन पर कम मुहूर्त के चलते असर रहा क्योंकि एक ही तारीख में ज्यादा मुहूर्त होने से सिर्फ एक ही विवाह का आर्डर लिया जा सकता है इसलिए अब पूरी गर्मी भर विवाह मुहूर्त न होने के चलते विवाह से संबंधित व्यापार करने वालों को काफी नुकसान उठाना पड़ेगा।

मुनि संघ के सानिध्य में पटेरा में हुआ संत भवन का शिलान्यास...

# आठ साल में निर्णय करें आपकी जिंदगी कैसी हो : मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

कुण्डलपुर से विहार करके पटेरा पहुंचे मुनिसंघों के सानिध्य में पटेरा नगर में चहुंओर धर्म की गंगा बह रही है। निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव सुधा सागर जी महाराज, श्री प्रमाण सागर जी महाराज, मुनि श्री अजित सागर जी, पूज्य सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में सुबह से मंदिर परिसर में बनने वाली संत भवन का शिलान्य कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव सुधा सागर जी महाराज ने मंगल प्रवचनों में कहा कि संसार छोड़ने का कारण यही बना कि व्यक्ति स्व सापेक्ष नही रह पाता, अपने उपादान के आधीन नही रह पाता। मोक्ष व्यक्ति इसलिए जाना चाहता है क्योंकि यहाँ पर आधीनता है, यहाँ पर व्यक्ति स्व इच्छानुसार जीवन नही जी सकता, उसे आज यदि खुशी का दिन है तो वह नही कह सकता कि मैं कल भी खुश रहूँगा। हम चारो तरफ से सुखी है लेकिन अनुभूति हमें दुख की आ रही है। जब हम वर्तमान में सुखी है तो दुःख का क्या कारण है, उसका कारण है ये सुख के क्षण कभी भी चले न जाये। जिस दिन से होश संभालो, जिंदगी का टार्गेट फिक्स करो, आठ वर्ष के बाद व्यक्ति को अपनी जिंदगी का टारगेट फिक्स करना चाहिए, वह क्या चाहता है,



कितना चाहता है, क्या बनना चाहता है। दूसरा मौका बालक बनते समय 18-21 वर्ष के बाद, तीसरा मौका मिलता है जब वो गृहस्थी में प्रवेश करे। आप आठ साल में निर्णय करे आपकी जिंदगी कैसी हो, कैसे जीना चाहते हो, कैसे लोगों के बीच रहना चाहते हो, कैसा हो तुम्हारा भविष्य, कैसे हो तुम्हारे परिवार वाले, कैसे हो तुम्हारे माँ बाप। उस समय स्वयं सोचने की क्षमता न हो तो माँ बाप को बैठालो कि मैं अनुभवन हीन हूँ, आप बताइए कि मेरी जिंदगी कैसी होनी चाहिए, मैं दुनिया को देखूँ तो किस नज़रिए से देखूँ, मैं किस नजरिये से बोलूं, चलूँ, इस दुनिया के बीच मे कैसा रहूँ। जब माँ बाप न बता पाये या उनकी बताई जिंदगी से तुम सन्तुष्ट न हो पाओ तो जो समाज के पंच होते थे, जो रिश्तेदारों में समझदार होते थे, उनसे पूछो कि तुम्हारी जिंदगी कैसी होनी चाहिए, तीसरे नम्बर पर गुरु के पास जाना चाहिए और गुरु के सामने होना चाहिए कि मेरे माँ बाप या रिश्तेदारों ने ऐसी जिंदगी जीने को कहा है, अब मैं आपसे पूछता हूँ क्योंकि मैं अनभिज्ञ हूँ, आज मैं हस्ते हुए आया हूँ, क्या मेरी अंतिम श्वास भी हंसते हुए निकेलगी। दूसरा मौका दिया उन्होंने वयस्क होते समय अपना निर्णय स्वयं करे, उस डायरी में टिकमार्ग करे कि ये गुरु ने बताया मैं नही कर पाउँगा, ये माँ बाप ने बताया मैं नही कर पाऊंगा तब अपने लिए एक साथी चुनो जो आपके कुल से, जाति से, भाग्य से मैच करता हो। साथी उसी को बनाना जिसका सम्बन्ध तुमसे पूर्व जन्म से हो। ये कुंडली का मिलान निरर्थक नही, कुंडली मिलान का अर्थ है कि पूर्व जन्म के आचार विचार एक थे या नही और एक है तो हम दोनों की किस्मत भी एक होना चाहिए, किस्मत का थर्मामीटर है कुंडली। अतीत की किस्मत नही मिल रही है और वर्तमान में मिला लोगे तो बहुत बुरी तरह रो रोकर जिंदगी जियोगे।

सबसे पहले कुडंली का मिलान कीजिये, दूसरा- मिलान कीजिए कि वर्तमान में हमारा कुल,जाति, आचार-विचार एक है या नही, एक आचार विचार वाले परिवार का व्यक्ति ही हमारे जीवन का साथी बनेगा। तीसरा- क्या हमारा भगवान, गुरु, णमोकार मंत्र एक है, ये तीन कुंडली मिलाइए तब आपस मे मिलकर अपनी जिंदगी का फैसला कीजिए कि तुम्हारी जिंदगी का अंत कैसा होना चाहिए, तुम्हारी आँखे क्या देखेगी, तुम्हारे कान क्या सुनेंगे ये फैसला करो, ये निर्णय यदि कर लिया तो जिसका आज अच्छा है और जिसको भविष्य का भय नही है, उसका भविष्य भी अच्छा है।

### शाम को हुआ मुनि संघ का विहार

निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज का मंगल विहार पटेरा से हिंडोरिया की ओर हुआ रात्रि विश्राम ग्राम देवडोंगरा में हुआ। उल्लेखनी है कि मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज के निर्देशन में पटेरा नगर में भव्य संत निवास का निर्माण होना है जिसका शिलान्यास शनिवार की सुबह मुनि श्री के सानिध्य में किया गया। इसके साथ ही अन्य मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिये भी मुनि श्री ने समाज को आवश्यक निर्देश दिये। वहीं पटेरा में विराजमान मुनि श्री सौम्यसागर जी महाराज ससंघ, का मंगल विहार पटेरा से हटा की ओर हुआ।

# मुनि श्री प्रणम्यसागर जी, विनम्र सागर जी ससंघ का कुंडलपुर से मंगल विहार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंडलपुर

सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर की पावन धरा पर युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य भगवंत श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्यों का मंगल समागम हुआ। 16 अप्रैल को ज्येष्ठ श्रेष्ठ मुनिराज श्री समय सागर जी महाराज ने आचार्य पद ग्रहण किया। भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक के पश्चात मुनि संघों का निरंतर कुंडलपुर से विहार का क्रम चल रहा है । 27 अप्रैल शनिवार को सायंकाल संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से प्रथम उपसंघ अर्हम योग प्रणेता मुनि श्री प्रणम्यसागर जी महाराज, मुनि श्री नीरज सागर जी महाराज ,मुनि श्री निर्मद सागर जी महाराज, क्षुल्लक श्री अनुनय सागर जी महाराज, क्षुल्लक श्री सविनय सागर जी महाराज, क्षुल्लक श्री समन्वय सागर जी महाराज,एवं द्वितीय उपसंघ मुनिश्री विनम्रसागर जी महाराज, मुनि श्री निस्वार्थ सागर जी महाराज ,मुनि श्री निसर्ग सागर जी महाराज , क्षुल्लक श्री हीरक सागर जी महाराज का मंगल विहार सिद्ध क्षेत्र कुंडलपुर से हुआ।